सोमवार
02 जनवरी 2023
डिजिटल संस्करण
केशव टाइम्स
आपकी आवाज



भोजपुर में जूता-चप्पल व्यवसायी से सरेराह हथियार के बल पर पैसे और बाइक की लूट 2



# योगी का अधिकारियों को निर्देश... हर किसी के साथ न्याय होना चाहिए

**एजेंसी/गोरखपुर**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने साल के पहले दिन की शुरुआत जनता की समस्याओं को सुनने और उसके निस्तारण की प्रक्रिया से की है। सीएम ने कड़ाके की ठंड में जनता दर्शन में पहुंचे फरियादियों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं के तुरंत व संतुष्टिपूर्वक समाधान का भरोसा दिया। आश्वस्त किया कि उनके रहते किसी के साथ नाइंसाफी नहीं होगी और न ही किसी की दवाई-पढ़ाई में धन की बाधा आने दी जाएगी।

गोरखनाथ मंदिर प्रवास के दौरान नए साल के पहले दिन रविवार सुबह मुख्यमंत्री योगी ने जनता दर्शन में करीब 300 लोगों की फरियाद सुनी। सबके प्रार्थना पत्रों को संबंधित अधिकारियों को संदर्भित करते हुए त्वरित और संतुष्टिपरक निस्तारण का निर्देश देने के साथ फरियादियों को भरोसा दिलाया, कि सरकार हर पीड़ित की समस्या का समाधान कराने के लिए दृढ़ संकल्पित है। प्रतिकूल मौसम को देखते हुए इस बार जनता दर्शन का आयोजन मंदिर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति सभागार में किया गया। यहां कुर्सियों पर बैठाए गए फरियादियों तक मुख्यमंत्री खुद पहुंचे और एक-एक



फरियादी से मिलकर उनकी समस्या को सुनते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनता दर्शन में करीब 300 लोगों की सुनी फरियाद
- फरियादियों तक मुख्यमंत्री खुद पहुंचे और एक-एक फरियादी से मिलकर उनकी समस्याओं को ध्यान से सुना
- आश्वस्त किया कि उनके रहते किसी के साथ नाइंसाफी नहीं होगी और न ही किसी की दवाई-पढ़ाई में धन की बाधा आने दी जाएगी

### ध्यान रहे, ठंड के मौसम में कोई बाहर न सोए

अधिकारियों को निर्देश दिया कि हर किसी के साथ न्याय होना चाहिए। पीड़ितों को थाने में ही हर हाल में न्याय मिलना चाहिए और दोषियों को जेल में डाला जाए। साथ ही निर्देश दिया कि उन्हें जनता का ख्याल रखना होगा। ठंड के मौसम में कोई बाहर ना सोए इसके लिए रैन बसेरों में उचित प्रबंध हो। नए साल के पहले दिन जनता दर्शन में बड़ी संख्या में जमीन-जायदाद और इलाज के मामले आए।

### जमीन पर कब्जा करने वालों को सबक सिखाएं

सीएम ने अधिकारियों से कहा कि आगे बढ़कर वह यह सुनिश्चित करें कि किसी भी व्यक्ति का इलाज धन के अभाव में रुकने न पाए। राजस्व व पुलिस से जुड़े मामलों को उन्होंने पूरी पारदर्शिता वह निष्पक्षता के साथ निस्तारित करने का निर्देश देते हुए कहा कि किसी के साथ भी अन्याय नहीं होना चाहिए। यदि कोई किसी की भूमि पर जबरन कब्जा कर रहा हो तो उसे कानून सम्मत सबक सिखाएं।

### सीएम ने सबसे पहले गुरु गोरखनाथ के दरबार में लगाई हाजिरी

रविवार की सुबह हमेशा की तरह तड़के अपने आवास से निकलने के बाद योगी ने सबसे पहले गुरु गोरखनाथ के दरबार में हाजिरी लगाई। विधि-विधान के साथ वैदिक मंत्रोच्चार के बीच उनका दर्शन-पूजन किया। इसके बाद उन्होंने अपने गुरु ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ के समाधि स्थल पर जाकर शीश नवाया। मंदिर परिसर के भ्रमण और गोसेवा के बाद वह हिंदू सेवाश्रम गए, जहां सुबह से ही अपनी समस्या बताने के लिए लोग उनका इंतजार कर रहे थे। वहां आए हर-एक के पास खुद पहुंचकर उनका प्रार्थना-पत्र लिया। प्रशासन से जुड़े मामलों का समस्यात्मक आवेदन पत्र उन्होंने जिलाधिकारी कृष्णा करूणेश को दिया।

## पुण्यतिथि पर पूज्य माताजी को नमन



साल के पहले दिन मुख्यमंत्री नीतीश कुमार अपनी माताश्री स्व. परमेश्वरी देवी की पुण्यतिथि के अवसर पर अपने पैतृक गांव कल्याण बिगहा पहुंचे। यहां हरनौत स्थित कविराज रामलखन सिंह स्मृति वाटिका जाकर स्व. परमेश्वरी देवी जी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री ने अपने पिता कविराज स्व रामलखन सिंह एवं अपनी धर्मपत्नी स्व. मंजू सिन्हा की प्रतिमा पर भी माल्यार्पण कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री के बड़े भाई सतीश कुमार पुत्र निशान्त कुमार एवं निकट परिजनों ने भी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

**ड्रैगन पर वार: आध्यात्मिक गुरु ने चीन की करतूतों को दुनिया के सामने रखा**

# बौद्ध धर्म और बौद्धों का चीन में किया गया दमन : दलाई लामा

**केटी न्यूज/पटना**

तिब्बती आध्यात्मिक नेता दलाई लामा ने चीन में बौद्ध धर्म और उसके अनुयायियों के वर्षों तक हुए दमन और उत्पीड़न के बाद देश में बौद्ध धर्म में बढ़ती दिलचस्पी को रेखांकित किया है। दलाई लामा ने रविवार को भगवान बुद्ध की ज्ञान स्थली बोधगया में अपने भक्तों को संबोधित किया। 87 वर्षीय आध्यात्मिक नेता की दीघार्यु के लिए लामाओं की ओर से यहां एक पारंपरिक प्रार्थना सभा का अयोजन किया गया। इस मौके पर नोबेल शांति पुरस्कार विजेता दलाई लामा ने कहा, तिब्बत की बौद्ध परंपरा ने पश्चिम में लोगों का बहुत ध्यान आकर्षित किया है। अतीत में बौद्ध धर्म को एक एशियाई धर्म के रूप में जाना जाता था, लेकिन आज इसका दर्शन और अवधारणाएं, विशेष रूप से मनोविज्ञान से संबंधित दर्शन और धारणाएं, दुनियाभर में फैल चुकी हैं। कई वैज्ञानिक इस परंपरा में रुचि ले रहे हैं।

दलाई लामा ने कहा, यह न केवल तिब्बत बल्कि चीन के लिए भी मायने रखता है। इसका सीधा असर चीन पर भी पड़ता है, क्योंकि चीन एक बौद्ध देश रहा है, लेकिन चीन में बौद्ध धर्म और बौद्धों का बहुत दमन और उत्पीड़न किया गया. तिब्बती आध्यात्मिक नेता ने कहा, इसलिए चीन और दुनिया में काफी बदलाव हो सकता है। तिब्बती आध्यात्मिक नेता दलाई ने आगे कहा कि आज भी चीन में बौद्ध धर्म को मानने वाले कई लोग हैं। कहा कि चीनी सरकार ने कई बौद्ध विहारों को नष्ट कर दिया, लेकिन चीन में बौद्ध धर्म के अनुयायियों की संख्या कम नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि चीन में अभी भी कई बौद्ध मठ मौजूद हैं।



- नव वर्ष के अवसर पर आध्यात्मिक गुरु की लंबी आयु की कामना की गई
- चीनी सरकार ने कई बौद्ध विहारों को नष्ट कर दिया, लेकिन चीन में बौद्ध धर्म के अनुयायियों की संख्या कम नहीं हुई है

### दलाई लामा को 1959 में छोड़ना पड़ा था तिब्बत

दलाई लामा को माओत्से तुंग की कम्युनिस्ट क्रांति के एक दशक बाद 1959 में अपनी मातृभूमि को छोड़ना पड़ा था। भारत में शरण मिलने के बाद वह हिमाचल प्रदेश के धर्मशाला में बस गए, जिसे बड़ी संख्या में तिब्बती शरणार्थियों की मौजूदगी के कारण मिनी तिब्बत के रूप में जाना जाता है।

### बोधगया को वज्रस्थान मानते हैं दलाई लामा

दलाई लामा बिहार के बोधगया को वज्रस्थान मानते हैं। वह कोविड-19 महामारी के कारण दो साल के अंतराल के बाद प्रवचन देने के लिए यहां आए हैं। तिब्बती आध्यात्मिक नेता ने कहा, यह एक संयोग है कि उक्त समारोह ग्रेगोरियन कैलेंडर के पहले दिन हो रहा है, जिसमें मेरे लंबे जीवन के लिए प्रार्थना की जाती है।

### 15 से 16 साल तक सबकी सेवा करूंगा

3 दिनों के टीचिंग कार्यक्रम के बाद नव वर्ष के मौके पर दलाई लामा की लंबी आयु की कामना की गई। इस दौरान खुद उन्होंने कहा कि मुझे सपना आया था, मैं अभी 15 साल तक इस धरती पर और रहूंगा। साथ ही बौद्ध धर्म और विश्व के जीव-जंतुओं की सेवा करूंगा। उन्होंने कहा कि बोधगया के पवित्र भूमि पर आप हमारी लंबी आयु की कामना प्रार्थना कर रहे। अच्छी बात है। एक दूसरे के लिए करनी भी चाहिए। यही परहित है। यह धरती ज्ञान, शक्ति, पुण्य की धरती है। यहां से हर कुछ मिलना संभव है। जो आप चाहते हैं। उन्होंने अपने अनुयायियों को भरोसा दिया कि आने वाले 15 से 16 साल तक आप सबकी सेवा करूंगा।

## दिल्ली में बढ़ रहे कोरोना के मामले

**नई दिल्ली।** दिल्ली में कोरोना के सक्रिय मामले बढ़ने लगे हैं। हालांकि संक्रमण दर 0.31 फीसदी ही बनी हुई है। रविवार को 11 लोग संक्रमित पाए गए हैं। सक्रिय मरीजों की संख्या बढ़कर 42 हो गई है। राहत की बात यह है कि आठ मरीजों के स्वस्थ होने पर उन्हें छुट्टी दी गई। दिल्ली के स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, रविवार को दिल्ली में कोरोना के 11 नए मामले सामने आए। जबकि आठ मरीजों को छुट्टी दी गई। दिल्ली में कोरोना के एक्टिव केस बढ़कर 42 हो गए हैं। इनमें से 28 होम आइसोलेशन में और तीन अस्पताल में भर्ती हैं। इनमें से एक वेंटिलेटर पर और दो ऑक्सीजन सपोर्ट पर हैं।

## 25 रु. बढ़े कमर्शियल गैस सिलेंडर के दाम

**पटना।** नये साल के पहले दिन ही रेस्टोरेंट और होटलों में खाने वालों के लिए जोरो का झटका लगा है। चुकी नये साल पर कमर्शियल गैस सिलेंडर के दाम में बढ़ोतरी हुई है। इन सिलेंडरों पर 25 रुपये बढ़ाये गये हैं। हालांकि घरेलू गैस सिलेंडर की कीमत में किसी तरह का बदलाव नहीं हुआ है। लेकिन रेस्टोरेंट, होटल आदि जगहों पर खाना महंगा हो सकता है, क्योंकि कमर्शियल गैस सिलेंडर महंगा हो गया है। हर महीने की पहली तारीख को गैस कंपनियां एलपीजी की कीमतों में बदलाव करती है। ऐसे में नये साल की शुरुआत में कॉमर्शियल सिलेंडर की कीमतों में बढोतरी हुई है। वहीं, घरेलू गैस सिलेंडर की कीमतें जस की तस बनी हुई है।

# श्री सम्मेद शिखरजी मामले में उबला जैन समुदाय

**एजेंसी/नई दिल्ली**

**दिल्ली, मुंबई, अहमदाबाद समेत अन्य शहरों में भारी विरोध प्रदर्शन**

झारखंड सरकार द्वारा 'श्री सम्मेद शिखरजी' को पर्यटन स्थल घोषित करने और गुजरात के पलिताना में उनके मंदिर में तोड़फोड़ के फैसले के खिलाफ जैन समुदाय से जुड़े लोगों ने दिल्ली, मुंबई, अहमदाबाद समेत अन्य शहरों में रविवार को भारी विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान हजारों की संख्या में लोग सड़क पर उतरे।

श्री सम्मेद शिखरजी को पर्यटन स्थल घोषित करने के झारखंड सरकार के फैसले के खिलाफ जैन समुदाय के लोगों ने प्रदर्शन किया। तस्वीरें इंडिया गेट से हैं।

**क्या है मामला:** दरअसल, झारखंड सरकार द्वारा जैन दिगंबर श्वेतांबर समाज के पवित्र स्थल भगवान पारसनाथ पर्वत को पर्यटक स्थल घोषित किया गया है जिससे वहां पर होटल खुलेंगे। इसी बदलाव से जैन समाज नाराज है और विरोध के लिए सड़क पर उतर गया है। जैन समाज के मुनियों ने कहा है कि जो भी हमारी मांगे हैं, उन्हें शांतिपूर्वक तरीके से रखें। ये नहीं भूलना चाहिए कि जैन समाज देश का सिर्फ एक प्रतिशत है, लेकिन वो देश का कुल 24 फीसदी टैक्स देता है। झारखंड का हिमालय माने जाने वाले इस स्थान पर जैनियों का पवित्र तीर्थ शिखरजी स्थापित है। इस पुण्य क्षेत्र में जैन धर्म के 24 में से 20 तीर्थंकरों ने मोक्ष की प्राप्ति की। यहां पर 23वें तीर्थकर भगवान पार्श्वनाथ ने भी निर्वाण प्राप्त किया था। पवित्र पर्वत के शिखर तक श्रद्धालु पैदल या डोली से जाते हैं। जंगलों, पहाड़ों के दुर्गम रास्तों से गुजरते हुए नौ किलोमीटर की यात्रा तय कर शिखर पर पहुंचते हैं।




**भारत ने पाकिस्तान से 631 भारतीय मछुआरों और दो असैन्य कैदियों को रिहा करने को कहा**

# भारत-पाक ने अपने परमाणु प्रतिष्ठानों की सूची साझा की

**एजेंसी/नई दिल्ली**

भारत ने पाकिस्तान से 631 भारतीय मछुआरों और दो असैन्य कैदियों को रिहा करने तथा स्वदेश भेजने के लिए कहा है। विदेश मंत्रालय ने इसके बारे में जानकारी दी है। विदेश मंत्रालय के मुताबिक, जिन मछुआरों को छोड़ने के लिए पाकिस्तान से आह्वान किया गया है उनमें वे मछुआरे शामिल हैं जो अपनी जेल की सजा पूरी कर चुके हैं। साथ ही जिनकी राष्ट्रीयता की पुष्टि भी हो चुकी है। वहीं, दूसरी ओर रविवार को एक पूर्व समझौते के तहत भारत-पाकिस्तान ने अपने-अपने परमाणु प्रतिष्ठानों की सूची आपस में साझा की है।



**भारतीय कैदियों को रिहा करने की मांग:** विदेश मंत्रालय ने बताया कि भारत ने पाकिस्तान से भारतीय कैदियों को रिहा करने के लिए कहा है। इनमें अधिकांश मछुआरे कैदी हैं। विदेश मंत्रालय के मुताबिक, भारत ने 631 भारतीय मछुआरों और दो असैन्य कैदियों को रिहा करने और भारत भेजने के लिए कहा है। इसके अलावा दौ असैन्य कैदियों को भी रिहा करने के लिए कहा गया है। इसके अलावा भारत सरकार ने पाकिस्तान की हिरासत वाले 30 अन्य मछुआरे और 22 असैन्य कैदियों को तत्काल राजनयिक पहुंच प्रदान कराने का आग्रह किया है। विदेश मंत्रालय ने इस बाबत एक बयान भी जारी किया है। बयान में कहा गया है कि भारत और पाकिस्तान ने रविवार को नयी दिल्ली और इस्लामाबाद में राजनयिक माध्यमों से अपनी हिरासत में मौजूद असैन्य कैदियों और मछुआरों की सूची का आदान-प्रदान किया।

**परमाणु संस्थानों पर हमला करने पर प्रतिबंध:** साथ ही विदेश मंत्रालय ने यह भी बताया कि रविवार को भारत-पाकिस्तान ने अपने-अपने परमाणु प्रतिष्ठानों की सूची आपस में साझा की है। ये कार्रवाई 32 साल पहले हुए एक द्विपक्षी. करार के तहत की गई। इस समझौते पर 31 दिसंबर, 1988 को हस्ताक्षर किए गए थे और यह 27 जनवरी, 1991 से यह प्रभावी हो गया था। इस समझौते के तहत दोनों पक्षों के एक-दूसरे के परमाणु संस्थानों पर हमला करने पर प्रतिबंध लगाया गया था।

## खबरें फटाफट

### ट्रेन से कटकर यात्री की मौत

**जहानाबाद।** पटना गया रेलखंड पर दर्दनाक हादसा हुआ है। पैसेंजर ट्रेन से कटकर एक यात्री की मौके पर ही मौत हो गयी। मृतक की पहचान शकुराबाद थाना अंतर्गत शकुराबाद बाजार निवासी मो. इरफान डफाली रूप में की गयी है। घटना जहानाबाद स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर-दो की है। बताया जाता है कि मृतक सिलाई का काम करता था।वह आज गया से जहानाबाद आ रहा था। प्लेटफार्म नंबर दो पर रॉन्ग साइड से उतरने के दौरान वह ट्रेन के चपेट में आ गया और उसकी घटना स्थल पर ही मौत हो गयी। घटना के बाद मौके पर जीआरपी थाने की पुलिस पहुंच गई और शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जीआरपी प्रभारी ने बताया कि ट्रेन से उतरने के दौरान यह हादसा हुआ है। मृतक के मोबाइल के आधार पर उसकी पहचान कर परिजनों की सूचना दे दी गयी है।

### सड़क हादसे में दो युवक जख्मी

**जहानाबाद।** जिले में तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला। जहां बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गए। जिसमें एक की हालात चिन्ताजनक बनी हुई है। घटना नगर थाना क्षेत्र के ऊंटा-मदारपुर के पानी टंकी के समीप की है। स्थानीय लोगों की मदद से दोनो घायलों को आनन फानन में सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को पीएमसीएच रेफर कर दिया है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि दोनों युवक नगर थाना के टेनीबिगहा मोहल्ला के सानू कुमार और अभय कुमार हैं। जो बाइक से तेज गति में घूम रहे थे। अचानक ऊंटा-मदारपुर के समीप अनियंत्रित होकर पुल से टकरा गया और दोनों बाइक समेत सड़क किनारे बने नाले में जा गिरे। जिसमें सानू कुमार के सिर में गंभीर चोट आई है।

### हिंसक झड़प में तीन घायल

**जहानाबाद।** काको थाना क्षेत्र के भरथुआ गांव में आपसी विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट हुई, जिसमें एक पक्ष के तीन लोग व्यक्ति घायल हो गए। तीनों को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मारपीट की घटना में राघवेंद्र पासवान अमन पासवान व नीतीश कुमार घायल हो गया। राघवेंद्र ने बताया कि हम लोग अपने गांव में बैठे हुए थे। तभी 8 लड़के आए और गाली गलौज करने लगे जब मैं गाली गलौज करने से मना किया तो उन लोगों ने मेरे साथ लाठी-डंडे से मारकर घायल कर दिया। बताया जाता है कि गांव के ही कुछ लड़के पार्टी कर रहे थे तभी यह व्यक्ति जाकर कुछ बात करने लगा। दोनों व्यक्ति में कहासुनी होने लगा कहासुनी होते होते लाठी-डंडे चलने लगे जिसके कारण उन लोगों ने लाठी-डंडे से मारकर 3 लोगों को घायल कर दिया।

# गर्भवती महिलाओं के लिए वरदान साबित हो रहा प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान

- गर्भवती महिलाओं को मिल रही गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाएं
- प्रसव पूर्व जांच में जटिल प्रसव वाली महिलाओं की हो रही पहचान

**केटी न्यूज/भभुआ**

जिले के सदर अस्पताल समेत सभी स्वास्थ्य संस्थानों पर प्रत्येक माह 9 तारीख को प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत अभियान कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। स्वास्थ्य संस्थानों पर आने वाली गर्भवती माताओं की गुणवत्तापूर्ण प्रसव पूर्व जाँच सुनिश्चित करना इस कार्यक्रम का एक मुख्य उद्देश्य है। प्रसव पूर्व जाँच के दौरान जटिल प्रसव वाली महिलाओं की ट्रैकिंग की जाती है, ताकि मातृ मृत्यु दर में कमी लायी जा सके। कैंप के दौरान जटिल प्रसव वाली महिलाओं की पहचान कर इसकी सूची पोर्टल पर अपलोड की जाती है।

**गुणवत्तापूर्ण प्रसव पूर्व जांच की सुविधा है उपलब्ध :** प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान कार्यक्रम का उद्देश्य गर्भवती महिलाओं को गुणवत्तापूर्ण प्रसव पूर्व जांच की सुविधा उपलब्ध कराने के साथ उन्हें बेहतर परामर्श देना है। बेहतर पोषण गर्भवती महिलाओं में खून की कमी होने से बचाता है। इसलिए सभी गर्भवती महिलाओं को जांच के बाद पोषण के बारे में भी जानकारी दी जाती है। इस अभियान की सहायता से प्रसव के पहले ही संभावित जटिलता का पता चल जाता है, जिससे प्रसव के दौरान होने वाली जटिलता में काफी कमी भी आती और इससे होने वाली मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में भी कमी आती है।




### मातृ मृत्यु दर में कमी लाने में संस्थागत प्रसव सहायक

मातृ मृत्यु दर में कमी लाने में संस्थागत प्रसव की भूमिका अहम मानी जाती है जिले में संस्थागत प्रसव के आंकड़ों में वृद्धि दर्ज की जा रही है। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण-5 के आंकड़ों के अनुसार जिले की 83.3 प्रतिशत महिलाएं प्रसव के लिए स्वास्थ्य संस्थानों पर भरोसा करती हैं। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण- 4 में जिले में संस्थागत प्रसव का आंकड़ा 80.1 प्रतिशत था।

**मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाने का प्रयास :** सिविल सर्जन डॉ. मीना कुमारी ने बताया गर्भवती महिलाओं में एनीमिया के लक्षण पूरे गर्भकाल एवं प्रसव के दौरान कई जटिलताएं पैदा कर सकती हैं। इससे गर्भवती माता तथा नवजात शिशु को विकट स्वास्थ्य समस्याओं का सामना करना पड़ता है। एनीमिया की रोकथाम के लिए उसकी सटीक पहचान तथा उचित प्रबंधन नितांत आवश्यक है। इससे मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाने में सहायता मिलती है। प्रसव पूर्व जांच में यदि खून सात ग्राम से कम पाया जाता है तब ऐसी महिलाओं को आयरन की गोली के साथ पोषक पदार्थों के सेवन के विषय में सलाह भी दी जाती। गर्भावस्था के दौरान उच्च रक्तचाप, मधुमेह, अत्यधिक या कम वजन एवं अत्यधिक खून की कमी प्रसव संबंधित जटिलता को बढ़ा सकता है। इस दिशा में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व योजना प्रभावी रूप से सुदूर गांवों में रहने वाली महिलाओं के लिए वरदान साबित हो रही है। इससे मातृ एवं शिशु मृत्यु दर पर भी अंकुश लगाने में सफलता मिल रही है।

## तगादा कर लौट रहे पीरो के व्यवसायी से अपराधियों ने की लूटपाट

# भोजपुर में जूता-चप्पल व्यवसायी से सरेराह हथियार के बल पर पैसे और बाइक की लूट

- व्यवसायी से 29 हजार रुपये, बाइक, मोबाइल और हेलमेट ले भागे
- लुटेरों की पहचान व धरपकड़ में जुटी पुलिस खंगाल रही सीसीटीवी
- एसडीपीओ बोले: बदमाशों का मिला है क्लू, जल्द होगी गिरफ्तारी

**केटी न्यूज/आरा**



सीसीटीवी फुटेज में कैद लुटेरों का वीडियो

नये साल के पहले दिन आम लोग जश्न मनाने में जुटे थे, वहीं अपराधी लूटपाट करने में लगे थे। साल के पहले दिन ही बदमाशों ने हथियार के बल पर पीरो के एक व्यवसायी से पैसे और बाइक लूट ली। लूट की यह वारदात चौरी थाना क्षेत्र के हरपुर लख और अंधारी के बीच रविवार की दोपहर बाद करीब दो बजे हुई। बदमाशों ने पीरो के भागलपुर मोहल्ला निवासी जूता-चप्पल व्यवसायी सरवर अली के भतीजे समीर अली से 29 हजार रुपए, अपाची बाइक और मोबाइल लूट ली। अपराधी समीर का हेलमेट भी छीन ले गए। अपराधियों की संख्या तीन थी, तो पल्सर बाइक पर सवार थे। तीनों की उम्र 25 के करीब बतायी जा रही है। सरवर अली की पीरो बाजार स्थित मेन गोला में जूता-चप्पल की दुकान है। घटना को अंजाम देने के बाद तीनों अपराधी अलग-अलग दिशा में भाग गये। इधर, लूट के साथ भाग रहे दो अपराधियों की तस्वीर सीसीटीवी में कैद हो गयी है। सूचना मिलने पर चौरी थाने की पुलिस घटनास्थल पर पहुंच गयी और लुटेरों की धरपकड़ में जुट गयी। पुलिस व्यवसायी के साथ अपराधियों के भागने की दिशा में छापेमारी कर रही है। वहीं एसडीपीओ राहुल सिंह ने भी अपने स्तर से घटना की छानबीन की। सीसीटीवी फुटेज को भी खंगाला। अपराधियों की पहचान करने की कोशिश की गयी। उन्होंने बताया कि लुटेरों की पहचान और धरपकड़ के लिए छापेमारी की की जा रही है। अपराधियों के कुछ क्लू मिले हैं। जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### पल्सर बाइक सवार बदमाशों ने ओवरटेक कर वारदात को दिया अंजाम

जूता-चप्पल व्यवसायी सरवर अली ने बताया कि उनका भतीजा समीर रविवार को तरारी इलाके में तगादा करने खुटहां-मोपती इलाके में गया था। जेठवार, बिहटा और सकला सहित अन्य जगहों से तगादा करने के बाद वह अंधारी और हरपुर लख होते लौट रहा था। उसके पास करीब 50 हजार रुपए थे। एक जेब में 29 जबकि दूसरे जेब में 21 हजार रुपए थे। दोपहर में हरपुर लख और अंधारी के बीच पर पल्सर बाइक पर सवार तीन अपराधियों ने ओवरटेक कर उसे रोक दिया। उसके बाद हथियार भिड़ा कर उसकी अपाची बाइक, 29 हजार रुपए, मोबाइल और हेलमेट छीन लिया। दो अपराधी उनकी बाइक लेकर मोपती मेला मोड़ के रास्ते जबकि तीसरा पल्सर बाइक सवार दूसरी ओर भाग गया। उन्होंने बताया कि मोपती मेला मोड़ के पास लगे सीसीटीवी कैमरे में उनकी बाइक लेकर भागते दो बदमाशों को देखा जा रहा है।

## बच्चों के क्रिकेट खेलने के विवाद में फायरिंग, युवक को लगी गोली

**केटी न्यूज/आरा**



जिले के संदेश थाना क्षेत्र के बारा गांव में शनिवार की रात बच्चों के पूर्व के विवाद में फायरिंग कर दी गयी। उसमें दरवाजे पर खड़े एक युवक को गोली लग गयी। गोली उसके दाहिने पैर में जांघ पर लगी है, जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। उसका इलाज आरा सदर अस्पताल में कराया जा रहा है। जख्मी युवक बारा गांव निवासी कैलाश कुमार का 28 वर्षीय पुत्र प्रमोद कुमार है। वह पेशे से किसान बताया जा रहा है। उसने बताया कि कुछ दिन पूर्व दो पक्ष के घर के बच्चों में लड़ाई हुई थी। उसे लेकर विवाद चला आ रहा है। शनिवार की रात वह अपने घर के पास खड़ा था।उस दौरान चार की संख्या में लोग वहां आए और फायरिंग कर दी। उसमें उन्हें गोली लग गयी। उसने गांव के ही कुछ लोगों पर गोली मारने का आरोप लगाया है। इधर, थानाध्यक्ष अवधेश कुमार ने बताया कि क्रिकेट खेलने को लेकर दोनों पक्षों के बच्चों के बीच झगड़ा हुआ था। उस बीच शनिवार की रात पहले एक पक्ष के द्वारा फोन कर बताया गया कि उक्त युवक उनके दरवाजे पर आकर झगड़ रहा है। उसके कुछ ही देर बाद जख्मी युवक द्वारा फोन कर सूचना दी गई कि उसे गोली मार दी गयी है। हालांकि युवक को गोली कैसे लगी या स्पष्ट नहीं हो सका है। उन्होंने बताया कि मामले की छानबीन की जा रही है।

## सड़क हादसे में युवक की मौत, चचेरे भाई की हालत गंभीर; आक्रोशित लोगों ने की तोड़फोड़

**केटी न्यूज/आरा**



जिले के टाउन थाना क्षेत्र के यदुवंशी नगर के पास आरा-पटना हाईवे पर रविवार की शाम एक बाइक सड़क किनारे खड़े ट्रक टकरा गयी। उसमें बाइक चला रहे युवक की मौके पर ही मौत हो गयी। हादसे में उसका चचेरा भाई गंभीर रूप से जख्मी हो गया। उसकी हालत भी काफी गंभीर बनी है, जिसे पटना रेफर कर दिया गया है। मृत युवक मुफस्सिल थाना क्षेत्र के कडारी गांव वार्ड नंबर 11 निवासी रमेंद्र सिंह का 27 वर्षीय पुत्र गगन विकास था। जख्मी सुदामा सिंह का 24 वर्षीय पुत्र दीपक सिंह है। दोनों चचेरे भाई बताये जा रहे हैं। दीपक नौकरी की तैयारी करता है। हादसे के बाद लोग आक्रोशित हो उठे व हंगामा करने लगे। गुस्साए लोगों ने सड़क किनारे खड़े ट्रक को क्षतिग्रस्त कर दिया। जलाने का भी प्रयास किया गया। तभी टाउन थाना की पुलिस पहुंच गयी और लोगों को समझा-बुझाकर शांत कराया गया। पुलिस ने ट्रक को जब्त कर लिया है।

इधर, मृत गगन विकास के भतीजे धनजी ने बताया कि दोनों बाइक पर सवार होकर मामा के घर पटना जिला के बिहटा थाना क्षेत्र के कटेसर गांव जा रहे थे। उसी दौरान टाउन थाना क्षेत्र के यदुवंशी नगर के समीप घने कोहरे के कारण बाइक सड़क किनारे खड़ी ट्रक से टकरा गयी। हादसे में गगन विकास की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी। जबकि बाइक पर पीछे बैठा उसका चचेरा तेरा भाई दीपक सिंह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। उसके बाद दोनों को सदर अस्पताल लाया गया। वहां से प्राथमिक उपचार करने के बाद दीपक सिंह की हालत देखते हुए पटना रेफर कर दिया गया है।

## एक नजर

### पिकनिक मना कर घर लौट रहे बाइक सवार युवक को कार ने मारी टक्कर, हालत गंभीर



**भभुआ।** जिले के भगवानपुर थाना क्षेत्र में सड़क हादसे में बाइक सवार एक युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गया। युवक को भभुआ सदर अस्पताल में इलाज करने के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है। युवक पिकनिक मनाकर घर लौट रहा था और इसी दौरान एक कार ने उसे टक्कर मारी दी। स्थानीय लोगों ने उसे अस्पताल में भर्ती कराया, जहां से उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। घायल व्यक्ति भगवानपुर थाना क्षेत्र के भगवानपुर निवासी काशीनाथ खत्री के 19 वर्षीय पुत्र विवेक कुमार है। विवेक भगवानपुर की तरह पहाड़ी से पिकनिक मना कर घर के लिए लौट रहा था। तभी पढौती गांव के पास स्कॉर्पियो ने बाइक सवार से साइड लिया। तभी अचानक सामने से आ रही कार ने उसे टक्कर मार दी। जहां बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया।

### रोहतास की महिला सिपाही ने पटना में किया सुसाइड, कमरे में फंदे से लटका मिला शव



**सासाराम।** बिहार पुलिस की एक महिला सिपाही ने सुसाइड कर लिया है। पंखे के हुक में फांसी का फंदा बना महिला सिपाही झूल गई। यह खौफनाक कदम उठाने वाली महिला सिपाही का नाम संजू कुमारी है। 23 साल की संजू की पोस्टिंग पटना पुलिस में थी। वर्तमान में वो इमरजेंसी रिस्पांस सर्विस सिस्टम-112 में फिल्ड ड्यूटी कर रही थी। सुसाइड का यह मामला पटना में कदमकुआं थाना के तहत सैदपुर इलाके का है। किराए के एक घर में संजू और उसकी एक साथी महिला सिपाही रहती थी। लेकिन, दोनों का कमरा अलग-अलग था। शुक्रवार की रात संजू की नाइट ड्यूटी लगी हुई थी। रात में उसे ड्यूटी पर जाना था। काफी देर तक जब वो अपने कमरे से नहीं निकली, तब बगल के कमरे में रहने वाली साथी महिला सिपाही ने उसे बाहर से आवाज दी। पर अंदर से कोई रिस्पांस नहीं मिला। उसने संजू के मोबाइल पर कॉल भी किया। लेकिन, कॉल भी रिसीव नहीं हुआ। फिर 10:30 बजे के करीब कदमकुआं थाना की पुलिस को अनहोनी की आशंका जताते हुए कॉल किया गया। तब पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। पुलिस की मौजूदगी में कमरे के गेट को तोड़ा गया। जब पुलिस की टीम कमरे में पहुंची तो अंदर का नजारा देख दंग रह गई। महिला सिपाही संजू की लाश फांसी के फंदे से लटक रही थी। थानेदार विमलेंदु के अनुसार महिला सिपाही मूल रूप से रोहतास जिले के काराकाट की रहने वाली थी। उसने सुसाइड क्यों किया, इसकी मूल वजह अब तक स्पष्ट नहीं है। सूचना मिलने के बाद परिवार के लोग पटना पहुंच गए हैं। शनिवार को लाश का पोस्टमार्टम पीएमसीएच में कराया गया है। वहीं, कमरे की तलाशी ली गई है, कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। फिलहाल वजह जानने के लिए मामले की जांच चल रही है।

### नवीन चंद्र बने शाहाबाद के डीआईजी, विनीत कुमार रोहतास के पुलिस कप्तान



**सासाराम।** शाहाबाद के डीआईजी, रोहतास एसपी सहित बिहार विशेष सैन्य बल दो की समादेष्टा का भी स्थानांतरण किया गया है। सरकार के निर्णय के मुताबिक नव प्रोन्नत पुलिस महानिरीक्षक और 2005 बैच के आईपीएस अधिकारी क्षत्रनील सिंह को शाहाबाद प्रक्षेत्र के डीआईजी से मगध प्रक्षेत्र गया का पुलिस महानिरीक्षक बनाया है। वहीं 2009 बैच के आईपीएस अधिकारी व नव प्रोन्नत पुलिस उप महानिरीक्षक नवीन चंद्र झा का समादेष्टा बिहार विशेष सशस्त्र पुलिस नौ जमालपुर से शाहाबाद प्रक्षेत्र डेहरी का डीआईजी बनाया गया है। रोहतास एसपी व आईपीएस अधिकारी आशीष भारती का भी तबादला करते हुए उन्हें गया का एसएसपी बनाया गया है। वहीं अब रोहतास एसपी के रूप में 2017 बैच के अधिकारी विनीत कुमार काम करेंगे। इसके पहले वह पटना ग्रामीण एसपी के पद पर कार्यरत थे। बिहार विशेष सैन्य बल दो और बीसैप महिला सासाराम की समादेष्टा स्वप्ना जी मेश्राम अब पड़ोस के औरंगाबाद जिले की एसपी होंगी। उनकी जगह बीसैप दो में समादेष्टा के रूप में 2015 बैच के आईपीएस अधिकारी हृदयकांत कार्यभार संभालेंगे। इन्हें बीसैप महिला सासाराम का अतिरिक्त प्रभार भी सौंपा गया है।

## भगवान परशुराम सेवा समिति के माध्यम से गतिविधि को बढ़ाने के लिए बैठक आयोजित

# समाज को दिशाहीन होने से बचाना भी ब्राह्मण का दायित्व: मुचकुन्द तिवारी

- संगठन के कार्यकारी अध्यक्ष बनाए गए सामाजिक युवा कार्यकर्ता मुचकुन्द तिवारी

**केटी न्यूज/जहानाबाद**



बैठक में जुटे ब्राह्मण समाज के सदस्य व बच्चे

विप्र समाज सदा से देश व समाज के कल्याण के लिए ही अपनी क्षमता का उपयोग करता रहा है, बावजूद इसके राजनीतिक महत्वाकांक्षाओं ने वर्ण व्यवस्था की गलत व्याख्या कर समाज मे जातिगत भेदभाव पैदा करते हुए आरक्षण व्यवस्था को जो वोट बैंक का आधार बनाया है। इसमें सबसे अधिक उपेक्षा ब्राह्मणों की हुई है। मौजूदा दौर मे संवैधानिक व्यवस्था मे अलग-थलग पड़े समस्त ब्राह्मणों को एकजुट होकर अपने उत्थान के लिए स्वयं संघर्ष करने के साथ धर्म व संस्कृति के पतन की रक्षा के लिए समाज को दिशाहीन होने से बचाना भी ब्राह्मण का दायित्व होना चाहिए। उक्त बातें घोसी विधानसभा क्षेत्र के गोड़सर ग्राम के भगवती स्थान के प्रांगण मे आयोजित ब्राह्मण गोष्ठी के दौरान सर्व ब्राह्मण समाज के लोगों ने कही। इस गोष्ठी का मुख्य उद्देश्य ब्राह्मणों को संगठित करने के लिए एक मजबूत संगठन के निर्माण के लिए की गयी थी जिसमें जहानाबाद के विभिन्न ग्रामो के गणमान्य विप्रगण सम्मिलित हुये।

बैठक में विप्र समाज को संगठित करने के लिए भगवान परशुराम सेवा समिति के माध्यम से सामाजिक तथा धार्मिक गतिविधि को बढ़ाने के लिए आगामी कई बैठकों का दौर अलग-अलग क्षेत्रों मे संपन्न होना है। बैठक में सर्वसम्मति से संगठन के कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में सामाजिक युवा कार्यकर्ता मुचकुन्द तिवारी को बनाया गया। साथ ही, प्रकाश मिश्र को कार्यकारी सचिव तथा बिरजू तिवारी को कार्यकारी कोषाध्यक्ष बनाया गया। वहीं इनके सहयोग हेतु रामाकांत तिवारी उपाध्यक्ष, संयुक्त सचिव कौशलेन्द्र उपाध्याय, कार्यकारिणी सदस्य मे कौशलेन्द्र पांडे, निशांत कुमार, सुनील कुमार तिवारी, संजय मिश्रा, जगनंदन कुमार के नामों की घोषणा की गयी।

नव निर्वाचित कार्यकारी अध्यक्ष मुचकुन्द तिवारी ने अपने सम्बोधन मे बताया की ब्राह्मणों की अस्मिता की रक्षा व सामाजिक व्यवस्था मे पिछड़ते रुतबे को पुनः कायम करने के लिए ब्राह्मण समाज के सभी घटकों को एक मंच पर आने की आवश्यकता है। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान गणेश तथा माता गौरी के वंदना के साथ हुआ। बैठक में उपस्थित अधिवक्ता राजीव कुमार पाण्डेय तथा मयंक मौलेश्वर जी ने कहा की विप्र समाज के उत्थान हेतु विप्र समाज के लोगों को स्वयं जागरूक होना पड़ेगा। साथ ही, विप्र समाज के आर्थिक रुप से पिछड़े बच्चों को आर्थिक सहायता व धार्मिक आयोजन के माध्यम से धर्म संस्कृति के प्रचार प्रसार करने हेतु विस्तृत कार्य योजना तैयार करने की दिशा में अपना मार्गदर्शन दिया।

बैठक मे प्रस्तुत प्रस्ताव के जरिये कहा गया कि विप्र समाज को रचनात्मक कार्यों की ओर अपना रुझान बढ़ाने की आवश्यकता है। साथ ही जन्म से लेकर मृत्यु तक वेद शास्त्र मे वर्णित तमाम संस्कारों के पालन की आवश्यकता पर भी प्रकाश डाला। कार्यक्रम को सूर्यदेव पाण्डेय ,विजय कुमार द्विवेदी ,राधा कृष्ण उपाध्याय ,शैलेन्द्र कुमार , पवन बेदुआ एवं महेश उपाध्याय ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का समापन वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ किया गया। आभार प्रदर्शन मुचकुन्द तिवारी ने किया।

## फिर बढ़ी स्कूलों की छुट्टी, अब छह जनवरी को खुलेंगे स्कूल

**बक्सर।** कड़ाके की ठंड को देखते हुए एक बार फिर से स्कूलों की छुट्टी कर दी गई है। अब वर्ग एक से आठ तक के सभी सरकारी व निजी स्कूल छह जनवरी को खुलेंगे। रविवार को डीएम अमन समीर के निर्देश पर डीईओ ने पत्र जारी कर छुट्टी बढ़ाने की घोषणा की है। इसके पहले 30 और 31 दिसंबर तक छुट्टी घोषित की गई थी। जिसके अनुसार सोमवार को स्कूल खुलने थे। लेकिन रविवार के मौसम को देखते हुए स्कूलों में छुट्टी बढ़ाने का निर्णय लिया गया है। गौरतलब है कि पिछले चार दिनों से बक्सर जिला भयंकर शीतलहर की चपेट में है। रविवार इस सीजन का सबसे सर्द दिन रहा। न्यूनतम तापमान 9 डिग्री तक पहुंच गया है। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दिनों में न्यूनतम तापमान में और गिरावट आएगी।

# मंदिरों में मत्था टेक व एक दूसरे को शुभकामनाएं देकर हुआ नव वर्ष का आगाज

**केटी न्यूज/बक्सर**

- हाड़ कंपा देने वाली ठंड में भी नहीं कम हुआ लोगों का उत्साह
- गुलजार रहे पिकनिक स्पॉट व रेस्तरां

हाड़ कपां देने वाली ठंड में भी लोगों ने नव वर्ष का स्वागत काफी गर्मजोशी से किया है। मध्य रात्रि से ही फोन तथा विभिन्न सोसल साइटों के माध्यम से नये साल के बधाई का सिलसिला शुरू हो गया था। सुबह होते ही लोग नहा धोकर मंदिरों में जा मत्था टेके। इसके बाद शुरू हुआ एक दूसरे से मिलकर बधाईयों का सिलसिला। हालांकि नये साल का पहला दिन इस सीजन का सबसे सर्द दिन रहा। शीतलहर भी तेज थी जबकि पूरे दिन सूर्य के दर्शन नहीं हुए। बावजूद लोगों के उत्साह में कोई कमी नहीं आई। खासकर युवाओं तथा किशोरों में उत्साह देखा गया। मंदिरों के अलावे बड़ी संख्या में लोग पिकनिक स्पॉटों पर भी सैर सपाटे करते देखे गए है।

बक्सर के त्रिमुहानी संगम, रामरेखा घाट, नाथ बाबा घाट, नौलखा मंदिर, डुमरांव के ऐतिहासिक राजगढ़ परिसर, मां डुमरेजनी मंदिर, मां काली मंदिर तथा जंगलीनाथ शिव मंदिर में दिनभर लोगों का जमावड़ा लगा रहा। जिसमें किशोरों व युवाओं की संख्या अधिक थी। इसके अलावे बक्सर व डुमरांव के सभी रेस्तराओं में भी लोग नये साल के उत्साह में पार्टी करते देखे गए। दोपहर से देर शाम तक रेस्तराओं में बैठने तक की जगह नहीं बची थी। नव वर्ष पर ग्राहकों को लुभाने के लिए रेस्टोरेंट संचालकों द्वारा उन्हें आकर्षक ढंग से सजाया गया था। कई रेस्टोरेंट बैलून से तो कई फूलों के तोरणद्धार से सजे थे। प्रतिकूल मौसम में भी लोगों का उत्साह देखते ही बन रहा था।



डुमरेंजनी मंदिर में जुटी लोगों की भीड़

**महंगे बिके फूल व गुलदस्ते :** नये साल पर एक दूसरे को फूल व बुके देने की परंपरा भी है। इस बार फूल बिक्रेताओं द्वारा इसकी पहले से तैयारी की गई थी। कोलकाता, बैंगलोर, वाराणसी आदि जगहों से बड़े पैमाने पर गुलाब, रजनीगंधा ग्लैडियर समेत कई तरह के फूल मंगवाए गए थे। विशेष रूप से कोलकाता व बैंगलोर के गुलाब तथा उससे बने बुके की डिमांड थी। एक गुलाबर बीस से पचास रूपए तक जबकि गुलदस्ता 100 से 250 रूपए तक बिक रहा था। डुमरांव के फूल विक्रेता राजेश माली ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि इस बार उम्मीद के मुताबिक गुलाब व गुलदस्ते की बिक्री हुई है। बक्सर व डुमरांव के फूल की दुकानों पर पूरे दिन खरीददारों की लाईन लगी रही।


डुमरांव में सजी फूलों की दुकान

**ग्रामीण क्षेत्रों में भी दिखा उत्साह :** बक्सर व डुमरांव जैसे शहरी क्षेत्र के साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में भी नव वर्ष का उत्साह व्याप्त था। ग्रामीण क्षेत्र के युवा भी अपने को किसी से कम नहीं समझ रहे थे। वैसे तो ग्रामीण क्षेत्रों में न तो कोई बड़ा रेस्टोरेंट है और न ही पिकनिक स्पॉट लेकिन दियारा क्षेत्र के विस्त्रित भूभाग पर फैला गंगा का तटीय इलाका, जनेश्वर मिश्र सेतु के अलावे ग्रामीण बाजारों की दुकानों पर भी चहल पहल रही। ग्रामीण क्षेत्र में भी लोग एक दूसरे को नव वर्ष की बधाई दे रहे थे।

### सरकार सुने फरियाद... बूढ़े मां बाप के साथ साथ मासूम बच्चे भी देख रहे हैं अपने पिता की राह

# विडंबना: मलेशिया में फंसे धर्मेन्द्र की वतन वापसी के लिए मांगी जा रही मोटी रकम, परिजन परेशान

- परिवार की माली हालत सुधारने के लिए 15 अक्टूबर को मलेशिया गया था धर्मेन्द्र

**केटी न्यूज/डुमरांव**

मलेशिया में बिहार व यूपी के करीब दो दर्जन मजदूरों के साथ फंसे डुमरांव के महरौरा निवासी धर्मेन्द्र राम का पूरा परिवार सदमें में है। कहा तो वह परिवार की माली हालत सुधारने तथा अपने बच्चों के बेहतर परवरिश का ख्वाब लिए हजारों किलोमीटर दूर मलेशिया गया था। इसके लिए उसके एजेंट ने एक लाख रूपए भी लिए थे तथा वहा अच्छी नौकरी व मोटी पगार मिलने का लालच दिया था। लेकिन वहा जाने के बाद धर्मेन्द्र से जबरन जूठे बर्तन धुलवाने तथा शौचालय की सफाई जैसे काम करवाए जाने लगे। जब उसने ऐसा करने से मना किया तो उसे मारा पीटा गया और निर्वस्त्र कर दिया गया। किसी तरह वह अन्य मजदूरों के साथ भागकर मलेशिया में ही रहने वाले ब्रह्मपुर इलाके के मनौव्वर आलम के यहा शरण लिया है। धर्मेन्द्र ने फोन पर परिजनों से आपबीती सुनाई तो परिजन भी चिंतित हो उठे है। नयें साल के पहले दिन केशव टाईम्स की टीम महरौरा पहुंच धर्मेन्द्र के पीड़ित परिजनों से मुलाकात किया। इस दौरान परिजनों ने मलेशिया में धर्मेन्द्र पर ढाए गए सितम तथा एजेंट की करतूतों का पूरा चिट्ठा ही खोल दिया। उसके पिता प्रतापचंद राम, माता पनवा देवी पत्नी गुड़िया देवी के साथ ही 9 वर्षीय रोहित, 8 वर्षीय रंजीत तथा 4 वर्षीय रौनक भी अपने पिता की बांट जो रहे है। रंजीत को गए साढ़े तीन महीने हो गए। इस दौरान वहा से पैसा भेजने की बात तो दूर उसे खाने के भी लाले पड़े है। धर्मेन्द्र की वापसी निश्चित नहीं होने से परिवार की चिंता बढ़ते ही जा रही है।


मजदूर धर्मेंद्र के परिजन

**काम नहीं मिलने से पेट पालना भी मुश्किल :** धर्मेन्द्र की पत्नी गुड़िया ने बताया कि पहले भी वह दो बार खाड़ी देशों में काम करने गए थे। पहली बार दो वर्षों के लिए ओमान में जबकि दूसरी बार एक वर्ष के लिए कतर में रहे थे। तब उन्हें काम और पैसा भी अच्छा मिला था। इसी को देखते हुए वे तीसरी बार 15 अक्टूबर 2022 को मलेशिया गए थे। एजेंट ने उनसे एक लाख रूपए भी लिए थे और बताया था कि भारतीय मुद्रा में 40 हजार रूपए प्रतिमाह मिलेगा। लेकिन वहा जाने के बाद एजेंट के बताए मुताबिक काम नहीं मिला। बल्कि धर्मेन्द्र समेत बिहार व यूपी के दो दर्जन युवकों से कभी सिमेंट फैक्ट्री में काम करवाया गया तो कभी होटल में जूठे बर्तन साफ करवाए गए। यही नहीं हद तो ये हो गई कि उनसे शौचालय तक साफ करवाया जाने लगा। जिसका विरोध करने पर मारा पीटा गया और पासपोर्ट तथा वीजा छिन लिया गया है। अब वहा से घर आने के लिए फिर से पैसे की डिमांड की जा रही है। धर्मेन्द्र की मां पनवा देवी की मानें तो एजेंट उससे 80 हजार रूपए की डिमांड कर रहे है। पैसा देने के बाद ही उसे वहा से भेजा जाएगा। गरीब परिवार के पास न तो इतना पैसा है और न ही उन्हें यह पता है कि इसकी शिकायत कहा दर्ज कराया जाए। हारकर अब पूरा परिवार मीडिया से उम्मीद लगाए बैठा है।

**इंप्लायमेंट की जगह टूरिस्ट वीजा दे भेजा गया है विदेश :** धर्मेन्द्र को विदेश भेजने वाले एजेंट ने उसके साथ बड़ा धोखा किया है। उसे विदेश भेजने के नाम पर मोटी रकम लेने के बाद इंप्लायमेंट वीजा की जगह टूरिस्ट वीजा थमाया गया है। इस कारण भी उसे वहा काम मिलने में मुश्किलें हो रही है। पिता प्रतापचंद ने बताया कि एजेंट ने बताया था कि वहा जाने के बाद एक सप्ताह में इस वीजा को इंप्लायमेंट वीजा में कनर्वट करा दिया जाएगा। महीनों बाद भी ऐसा नहीं हो सका है। जिस कारण अब उसकी घर वापसी भी मुश्किल लग रही है।

### मजदूरों को गलत तरीके से विदेश भेजने वाले एजेंट्स पर नहीं होती कोई कार्रवाई

यह पहला मामला नहीं है जब विदेश में जाकर स्थानीय मजदूर फंसे है। बल्कि जानकारों लोगों की मानें तो ऐसे जरूरंतमंद व भोले भाले ग्रामीण मजदूरों को विदेश में अच्छी नौकरी व मोटा तनख्वाह का लालच दे विदेश भेजने वाले गिरोह का एक मजबूत नेटवर्क है। यह नेटवर्क स्थानीय स्तर से लेकर महानगरों तक फैला हुआ है। इनके नेटवर्क में एक एजेंट बताया जाता है। जो जरूरतमंद लोगों को अपने झांसे में लेने के लिए पूर्व निर्धारित योजना के तहत कार्य करता है। वो पासपोर्ट व वीजा बनवाने के साथ ही वहां की कंपनियों से टाइअप होने की बात भी कहते है। लेकिन वहां जाने पर पता चलता है कि एजेंट के बताए अनुसार न तो वहा नौकरी मिलती है और न ही पैसा। इसके पहले भी जिले में कई ऐसे मामले सामने आ चुके है। बावजूद प्रशासन गलत तरीके से विदेश भेजने वालों पर ठोस कार्रवाई नहीं करती है। जिसका खामियाजा गरीब मजदूरों को भुगतना पड़ रहा है।

## 24 घंटे में दो पुलिस जवानों की हुई मौत पुलिस महकमें में दौड़ी शोक की लहर


पुलिस लाइन में मृत जवानों को श्रद्धांजलि देते जवान

**केटी न्यूज/बक्सर**

नयें के पहले दिन बक्सर पुलिस के लिए काफी मनहूस साबित हुआ। 24 घंटे के अंदर ही एक हवलदार व एक चालक की मौत होने से पूरे महकमें में मायूशी छा गई। मिली जानकारी के अनुसार बक्सर पुलिस लाइन में तैनात हवलदार फारूख खां की तबीयत शनिवार की शाम खराब हो गई। उन्हें इलाज के लिए सदर अस्पताल बक्सर में भर्ती कराया गया था। लेकिन देर रात इलाज के दौरान ही उनका निधन हो गया।

पुलिस लाइन के सार्जेंट मेजर उमेश चंद्र ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि वे यूपी के गाजीपुर जिले के दिलदारनगर के रहने वाले थे। वही दूसरी तरफ रविवार को ब्रह्मपुर थाने में बतौर चालक तैनात राहुल कुमार की मौत भी इलाज के दौरान हुई है। सुबह में उसका तबीयत खराब होने के बाद थाना प्रभारी बैजनाथ चौधरी द्वारा इलाज के लिए रघुनाथपुर सीएचसी पहुंचवाया गया। लेकिन वहा उसकी बिगड़ती हालत को देख रेफर कर दिया गया। इसके बाद पुलिस वाले उसे लेकर आरा चले गए। आरा में इलाज के दौरान ही उसकी मौत हो गई। इस मनहूस खबर के मिलते ही पुलिस महकमा में शोक की लहर दौड़ गई। बक्सर पुलिस लाईन में दोनों कर्मियों को श्रद्धांजलि दी गई है। ब्रह्मपुर थानाध्यक्ष बैजनाथ चौधरी ने बताया कि राहुल मूलरूप से मुंगेर जिले के संग्रामपुर थाना क्षेत्र के कटिहार का रहने वाला था तथा 2022 के फरवरी में ही वह यहा योगदान किया था। उन्होंने बताया कि 23 दिसंबर को वह बीपीएससी का परीक्षा देने गया था। वहां से आने के बाद से ही उसकी तबीयत खराब चल रही थी। रविवार को तबीयत ज्यादा खराब होने पर इलाज करवाया जा रहा था। लेकिन उसकी मौत हो गई। उन्होंने बताया कि इसकी सूचना उसके परिजनों को दी गई तथा शव को पोस्टमार्टम के लिए बक्सर भेजा गया। सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और पोस्टमार्टम के बाद प्रशासन द्वारा शव को परिजन को सौंप दिया गया।

## कृष्णाब्रह्म में कार व ट्रक की टक्कर, चार जख्मी

**केटी न्यूज/कृष्णाब्रह्म**

नव निर्मित फोरलेन पर सड़क दुर्घटनाओं में कमी नहीं हो रही है। नये साल के पहले दिन ही कृष्णाब्रह्म ओवरब्रिज पर एक तेज रफ्तार ट्रक और कार में जोरदार टक्कर हो गई। जिसमें कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई है। दुर्घटना में कार सवार चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

हालांकि अहले सुबह हुई इस दुर्घटना के बाद सभी घायल कार को छोड़ दूसरे वाहन से इलाज के लिए कही चले गए है। जिससे उनकी पहचान नहीं हो सकी है। वही आरोपी ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। कृष्णाब्रह्म थानाध्यक्ष संतोष कुमार ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि इस संबंध में किसी पक्ष द्वारा शिकायत दर्ज नहीं करवाई गई है। वैसे पुलिस अपने स्तर से इसकी जांच कर रही है। जबकि घटना स्थल पर मौजूद लोगों ने कहा कि घना कुहरे के कारण यह घटना हुई है।


सड़क दुर्घटना में क्षतिग्रस्त वाहन

## बच्चों के बीच कॉपी कलम का वितरण

**केसठ।** नव वर्ष के अवसर पर प्रखंड के कुलमनपुर गांव में डी फॉर ऑल क्लासेज के तत्वावधान में बच्चों के बीच कलम कॉपी का वितरण किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में लोजपा के जिला युवा महासचिव ऋषि कांत दुबे वार्ड सचिव रंजन दुबे उपस्थित रहे। वहीं संस्थापक रोहित दुबे ने कहा कि नव वर्ष में बच्चों को शिक्षा से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। वहीं, लोजपा के जिला युवा महासचिव ने कहा कि बच्चों को शिक्षा से जोड़ना अति आवश्यक है। नव वर्ष के अवसर पर बच्चें विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम करते हैं। इस अवसर पर बच्चों को कॉपी कलम का उपहार देने से उनमें शिक्षा के प्रति रूचि बढ़ेगी।

## लोजपा रामविलास प्रखंड स्तरीय संगठन का हुआ विस्तार: अखिलेश

**केटी न्यूज/बक्सर**

रविवार को बक्सर लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के जिला कार्यालय में बैठक की गई। जिसमें लोजपा रामविलास पार्टी के विस्तार प्रकोष्ठ का संगठन विस्तार किया गया। बैठक की अध्यक्षता जिला विस्तार प्रमुख संजीव राय ने की। संचालन जिला उपाध्यक्ष संजय कुमार पासवान ने किया।

मुख्य अतिथी के रूप मे बक्सर लोजपा रामविलास के जिलाध्यक्ष सह पूर्व विधायक प्रत्याशी अखिलेश कुमार सिंह उपस्थित हुए। बक्सर लोजपा रामविलास जिला विस्तार प्रमुख संजीव राय ने जिले के ग्यारहो प्रखंड मे लोजपा रामविलास प्रखंड विस्तार प्रमुख नियुक्त किया। संगठन विस्तार बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष अखिलेश कुमार सिंह ने कहा की हमारे पार्टी मे विस्तार प्रकोष्ठ कार्य करता है। जिसका कार्य आम जनमानस को पार्टी मे जोडना होता है। आज बेहद खुशी की बात है की विस्तार प्रकोष्ठ का विस्तार आज प्रखंड स्तर पर गठन हो गया। प्रखंड विस्तार प्रमुख अब पंचायत स्तर तक अपना संगठन विस्तार करेंगे।


बैठक में जुटे जिलाध्यक्ष, पार्टी के नेता और कार्यकर्ता

प्रखंडस्तरीय विस्तार प्रमुख जिम्मेवारी चौसा हरिश्चंद्र पांडेय, बक्सर राममुनी पासवान, सिमरी लक्ष्मी शंकर ठाकुर, केसठ विक्की पासवान, नावानगर धर्मराज पासवान, इटाढी लक्ष्मण पासवान, राजपुर पंकज कुमार पांडेय, डुमरांव अशोक शर्मा, बक्सर नगर रवि पांडेय को जिम्मेवारी दी गई। गोलू पांडेय, ठाकुर भानुशंकर सिंह, मनोज सिंह, मिकू राय, गडडु चौबे, उदय पासवान, गामा पासवान, नंदलाल बारी, सोनु सिंह, भोला सिंह व अन्य मौजूद रहे।

### रूद्र सागर सेवा संस्थान के सौजन्य से महरौरा शिवमंदिर प्रांगण में किया गया पौधरोपण

# पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधरोपण जरूरी: डॉ. सैनी

- डुमरांव को स्वच्छ व सुंदर बनाना रहेगी पहली प्राथमिकता

**केटी न्यूज/डुमरांव**

पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधरोपण बहुत जरूरी है। हर किसी को चाहिए कि अपने खास दिन तथा शुभ अवसर को पौधरोपण कर यादगार बनाएं। यह बातें शहर के चर्चित चर्म रोग विशेषज्ञ और समाजसेवी डॉ. एसके सैनी ने महरौरा स्थित महादेव मंदिर प्रांगण में रुद्रसागर सेवा संस्थान खिरौली द्वारा आयोजित पौधरोपण शिविर में बतौर मुख्य अतिथि बोलते हुए कहा। उन्होंने कहा कि रुद्रसागर सेवा संस्थान द्वारा नव वर्ष के उत्साह को पौधरोपण करके मनाना बेहद ही सुंदर कार्य है। डॉ. सैनी ने कहा कि डुमरांव को स्वच्छ व सुंदर बनाना उनकी प्राथमिकता में शामिल है। उन्होंने कहा कि स्वच्छ पर्यावरण में हमारा स्वास्थ सुरक्षित रह सकता है। इस दौरान संस्थान ने संकल्प व्यक्त किया कि प्रत्येक वर्ष नव वर्ष एवं खास अवसर पर पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से पौधरोपण किया जाएगा।


महरौरा शिव मंदिर में पौधरोपण करते डॉ. एसके सैनी व अन्य

मौके पर रुद्रसागर सेवा संस्थान द्वारा आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. एसके सैनी ने महरौरा स्थित शिव मंदिर प्रांगण में पौधरोपण करते हुए कहा कि एक पेड़ सौ पुत्र के समान बताया गया है। सरकार का जल जीवन हरियाली कार्यक्रम भी पर्यावरण के गंभीर खतरा को देखते हुए बनाया गया है। प्रकृति के संतुलन बनाए रखने तथा ऋतु चक्र के क्रम को संतुलित करने के लिए जरूरी है कि ऐसे खास दिन एवं अवसर को पौधरोपण कर यादगार बनाया जाए। उन्होंने हर किसी से ऐसे कार्यक्रम में बढ़ चढ़कर भाग लेने तथा उसे सफल बनाने का आह्वान किया।

संस्थान की ओर से बोलते हुए रविशंकर चौबे ने कहा कि वर्ष 2007 में स्थापित रुद्रसागर सेवा संस्थान जनसेवा का कार्य करते हुए रेलवे स्टेशन पर गर्मी के दिनों में प्रत्येक वर्ष पनशाला स्थापित करता है। जिसका लाभ हजारों राहगीर उठाते हैं। संस्थान प्रतिवर्ष नव वर्ष एवं अन्य खास दिनों में पर्यावरण सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए पौधरोपण करेगा। इस मौके पर डॉ एसके सैनी व रविशंकर चौबे के साथ विजय कुमार ओझा, अरुण कुमार, राजेश सैनी, सोनू तिवारी, अमित वर्मा, अजय राय, विशाल चौबे, प्रेमसागर राय, राम कुमार राय, विकास राय, मंगरु राय, सोनू ओझा, मदन राय, राजेश माली आदि उपस्थित थे।

## जलभरी के साथ शुरू हुआ रुपसागर में श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ, जयघोष से गूंजता रहा इलाका

**केटी न्यूज/नावानगर**

स्थानीय प्रखंड के रुपसागर गांव में आयोजित श्रीलक्ष्मी नारायण महायज्ञ के लिए रविवार को जलभरी सह शोभायात्रा निकाली गई। इसके साथ ही सात दिवसीय महायज्ञ की शुरू हो गई। जलभरी में घोड़े, हांथी व ऊंट समेत दर्जनों वाहन शामिल हुए थे। महायज्ञ के लिए शोभायात्रा निकालने से पहले यज्ञ मंडप में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विधिवत पूजन किया गया। उसके पश्चात यज्ञ के आचार्यों द्वारा मुख्य कलश की पूजा की गई। इसके बाद यज्ञ स्थल से श्रद्धालु पंचधरवा पुल स्थित कांव नदी के लिए रवाना हुए। आगे-आगे हाथी-घोड़े, उसके पीछे श्रद्धालु चल रहे थे। जलभरी शोभायात्रा में महिला श्रद्धालु गीत मंगल गाती हुई कांव नदी पहुंची।


यज्ञस्थल

इस दौरान जयघोष से पूरा क्षेत्र वातावरण भक्तिमय बन गया था। शोभायात्रा यज्ञस्थल से निकलकर तुरांवखास, रुपसागर टोला एवं नावानगर बाजार होते हुए कांव नदी के किनारे पहुंची। श्रद्धालुअ कलश में जल लेकर यज्ञस्थल पर वापस पहुंचे। लक्ष्मी प्रपत्र जीयर स्वामी के सानिध्य में आयोजित श्रीलक्ष्मी नारायण महायज्ञ छह जनवरी तक चलेगी। प्रतिदिन सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक श्रीमद्भागवत व रामकथा विभिन्न आचार्यों द्वारा सुनाई जाएगी। महायज्ञ के लिए जलभरी शोभायात्रा में यज्ञ समिति के सदस्यों का सराहनीय योगदान रहा।

## छोटी खबरें

### दूसरे दिन भी नहीं मिला मजदूर का शव

**बलिया।** उत्तर प्रदेश व बिहार को जोड़ने हेतु बनाये जा रहे खरीद व दरौली घाटों के मध्य निमार्णाधीन पक्का पुल के निर्माण कार्य को निर्बाध जारी रखने हेतु पायल ब्रिज के निर्माण के दौरान क्रेन के झूले से नदी में गिरे मो. आजम का रविवार को भी कही अता पता नहीं चल पाया है। रविवार की सुबह से ही सिकंदरपुर थानाध्यक्ष दिनेश पाठक हल्का एसआई सूर्यनाथ यादव, हेड कां. भास्कर नाथ, हेड कां. अजय सिंह, कां. रविंदर यादव, कां. गुरु प्रसाद, कां. बृजेश कुमार सहित अन्य पुलिसकर्मी नदी में नाव द्वारा मजदूर की तलाश करते रहे। मगर मजदूर का कहीं अता पता नहीं चला। थानाध्यक्ष में पुलिस रविवार की सुबह से ही लगातार इस घने कोहरे और ठंड में उस मजदूर की खोजबीन में लगे रहें। खबर लिखे जाने तक मजदूर का पता नहीं चल पाया है। जिससे वहां मौजूद आजम के चचाजाद भाई सहित कार्यरत अन्य कर्मचारी सकते में और मायूस है। उन्हें इस बात पर आक्रोश भी है कि आजम के शव को नदी से निकलवाने में पक्का पुल के अधिकारी ने घोर लापरवाही बरती है।

### फरार अभियुक्त के घर नोटिस चस्पाया

**मऊ।** मुहम्मदाबाद गोहना थाना क्षेत्र के कुतुबपुर गांव निवासी अभियुक्त थाना कोतवाली गाजीपुर एक्ट के अन्तर्गत वांछित वारंटी भगदेव पुत्र सुमित यादव कोर्ट में हाजिर न होने पर वारंटी के घर पहुंच कर धारा 82 की नोटिस चस्पा की। साथ ही गांव में डुग्गी मुनादी भी कराई गई। वारंट के बाद फरार चल रहे वारंटी के घर व उसके संभावित ठिकानों पर कई बार पुलिस ने दबिश दिया। धारा 82 का नोटिस चस्पा होने के बाद भी 3 जनवरी तक अभियुक्त ने सरेंडर नहीं किया तो धारा 83 के तहत संपत्ति कुर्क करने की कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान उपनिरीक्षक मनोज कुमार, कांस्टेबल अतुल कुमार, अक्षय यादव, हरेन्द्र गुप्ता आदि मौजूद रहे।

### अपर निदेशक ने किया गो-संरक्षण केंद्र का निरीक्षण

**गाजीपुर।** पशु पालन विभाग वाराणसी मंडल ग्रेड-2 के अपर निदेशक आरके सिंह ने सादात क्षेत्र के पिपनार गांव में निमार्णाधीन वृहद गौ संरक्षण केन्द्र का निरीक्षण किया। यहां करीब 400 पशुओं को रखने की क्षमता है। केंद्र पर 400 फीट लम्बे व 20 फीट चौड़े शेड, भूसा, चारा आदि रखने के लिए अन्य दो कमरे बन गए हैं। सिर्फ चहारदीवारी, बिजली, पानी आदि नहीं है। निरीक्षण कर उन्होंने बताया कि जल्द ही यह गौ संरक्षण केंद्र बेसहारा पशुओं के लिए खुल जाएगा। इसके पूर्व अपर निदेशक ने सैदपुर नगर पंचायत के गौशाला, सादात के कान्हा गौशाला, टांडा गांव स्थित अस्थाई पशु केंद्र सहित पशु चिकित्सा केंद्र सादात आदि का निरीक्षण किया। उन्होंने पशु चिकित्साधिकारी डा. जनार्दन मौर्य को प्रत्येक गौशाला पर पशुओं का ठंड से बचाव करने व हरा चारे व साफ पेयजल की आपूर्ति सुचारू रूप से कराने का निर्देश दिया।

# बोर्ड की अदूरदर्शिता के कारण 40 किमी दूर परीक्षा देंगे छह विद्यालयों के छात्र

- 168 परीक्षा केंद्रों पर 1.59 लाख परीक्षार्थी देंगे परीक्षा, तैयारी में विभाग
- नगरा क्षेत्र में बनाए गए हैं इस बार सिर्फ सात परीक्षा केंद्र

**केटी न्यूज/बलिया**

बोर्ड परीक्षा को संपन्न कराने के लिए इस बार जिले में पिछली बार की अपेक्षा 46 परीक्षा केंद्र कम बनाए गए हैं। जिला परीक्षा समिति की ओर से परीक्षा केंद्रों का निर्धारण कर बोर्ड को भेज दिया गया है। इससे एक परीक्षा केंद्रों पर एक और डेढ़ हजार से ज्यादा छात्र आवंटित किए गए हैं। इसके साथ ही कई विद्यालयों के परीक्षा केंद्र 40 किमी तक दूर बन गए हैं। इससे विद्यार्थियों को परेशानी होनी तय है। वर्ष 2023 की परीक्षा के लिए जनपदीय समिति द्वारा 168 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। इन परीक्षा केंद्रों पर 1.59 लाख परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। परीक्षा केंद्र के निर्धारण में शिक्षा विभाग की एक न चली है। सभी केंद्र उपजिलाधिकारियों की रिपोर्ट पर बनाए गए हैं। कुछ दिन पूर्व बोर्ड की ओर से ऑनलाइन




214 परीक्षा केंद्रों का निर्धारण किया गया था। ऑनलाइन बने 214 परीक्षा केंद्रों में से एसडीएम की रिपोर्ट पर 46 परीक्षा केंद्र कम कर दिए गए। प्रस्तावित एक भी नए केंद्र नहीं बने हैं।

**नकल विहीन परीक्षा कराना टेढ़ी खीर साबित होगा :** नगरा क्षेत्र में इस बार सिर्फ सात परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। सुभावती देवी इंटर कॉलेज भगमलपुर, जनता इंटर कॉलेज नगरा, राजाराम सिंह इंटर कॉलेज सिसवारकला, राम अशीष इंटर कॉलेज सिसवारकला, बाबा बलदेव इंटर कॉलेज ताड़ीबड़ागांव और गांधी महाविद्यालय मलय नगर मलप, बृजेश इंटर कॉलेज रुपवार भगवानपुर को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। इस बार भी नकल विहीन परीक्षा कराना टेढ़ी खीर साबित होगा। फुलेहरा स्मारक बालिका इंटर कॉलेज रसड़ा में 1608, बृजेश इंटर कॉलेज रुपवार भगवानपुर में 1155, जनता इंटर कॉलेज नगरा में 1300, गांधी महाविद्यालय मलप में 1004, रामकरन इंटर कालेज भीमपुरा में 1799, संतपुष्पा इंटर कॉलेज जमुआंव में 1427, डीआईआरसी पशुहारी में 1534, सुभावती देवी इंटर कॉलेज भगमलपुर में 1229, पीएमआईसी महराजपुर अवराईकला में 1108 परीक्षार्थी आवंटित किए गए है।

**विद्यालयों के प्रधानाचार्यो ने बोर्ड को भेजी है आपत्ति :** इस बार जिले के छह विद्यालयों के छात्र 40 किमी दूर परीक्षा देने जाएंगे। मोहम्मद शहबान मेमोरियल इंटर कालेज नगरा, राजाराम सिंह इंटर कॉलेज सिसवार, बरसानी देवी आईसी गोठवां, वीरांगना लक्ष्मीबाई उमा विद्यालय ढेंकवारी, नवी रुसूल इंटर कॉलेज विश्वनाथपुर, रामजी रुद्रजी पब्लिक इंटर कॉलेज रेकुआं के छात्रों का परीक्षा केंद्र 40 किमी दूर आरडीआईसी जोगापुर बुढऊ बलिया को बनाया गया है। नियमों के अनुसार आठ किमी के अंदर ही परीक्षा केंद्र का निर्धारण होना चाहिए। हालांकि इन विद्यालयों के प्रधानाचार्यों ने बोर्ड को आपत्ति भेजी है।

## नए साल पर साइबर ठगों के शिकार व मोबाइल चोरी हुए लोगों की लौटी मुस्कान

# साइबर क्राइम के शिकार हुए पीड़ितों के खाते में वापस कराये गए 317693 रुपये

- पुलिस ने साइबर क्राइम व मोबाइल चोरी के पीड़ितों की शिकायत पर की बड़ी कार्रवाई
- मोबाइल और रुपए मिलने पर लोगों ने पुलिस को दिया धन्यवाद

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

पुलिस की साइबर सेल द्वारा साइबर क्राइम के पीड़ितों को कुल 317693 रुपये वापस कराने में बड़ी सफलता हासिल हुई है। यह जानकारी देते हुए पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह ने बताया कि साइबर अपराध के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत मिली शिकायतों पर बड़ी कार्रवाई की गई है। शिकायतकताओं के अवैध ट्रांजेक्शन होने की कंप्लेन पर साइबर सेल प्रभारी वैभव मिश्रा एवं उनकी टीम ने विवेचना करते हुए अवैध ट्रांजेक्शंस जिन पेमेंट गेटवे के माध्यम से हुए थे, संबंधित कंपनी से ईमेल पत्राचार एवं दूरभाष पर संपर्क कर अवैध ट्रांजेक्शन रोकने एवं अन्य विधिक कार्रवाई पूरी की गई। जिसके



महिला का मोबाइल लौटाते एसपी ओमवीर सिंह व अन्य

परिणाम स्वरूप आधा दर्जन पीड़ितों की गाढ़ी कमाई के कुल तीन लाख 17 हजार 693 रुपए उनके खाते में वापस कराए गए हैं। अपने पैसे वापस मिलने पर पीड़ितों ने जनपद पुलिस एवं साइबर सेल की टीम को धन्यवाद दिया है।

**इन लोगों के वापस कराए पैसे :** पुलिस द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक भांवरकोल थाना क्षेत्र के जय यादव के 93 हजार 673, नोनहरा थाना क्षेत्र के कमला के 7600, नंदगंज थाना क्षेत्र की लाली देवी के एक लाख, मोहम्मदाबाद थाना क्षेत्र के विनोद के 90 हजार, सैदपुर थाना क्षेत्र की सुशीला देवी के 20 हजार एवं मरदह थाना क्षेत्र के प्रदुम्न कुमार के 6420रुपये वापस कराए गए हैं।

**एनीडेस्क एप डाउनलोड करवा कर कर रहे ठगी :** पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह ने बताया कि साइबर ठगों लोगों को फोन और ईमेल कर-के किसी को लॉटरी लगने का मैसेज, किसी को फोन करके उसका बैंक का अकाउंट हैक होने, कार्ड बंद होने का डर दिखाकर खाते की जानकारी ले लेते थे। तो, किसी को एनीडेस्क एप डाउनलोड करवा कर ठगी का शिकार बना लेते थे।

## पुलिस ने बरामद किए दस लाख रुपये की 51 चोरी हुए मोबाइल

**गाजीपुर।** पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह के निर्देश पर गुमशुदा मोबाइल की बरामदगी के लिए चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत जनपद में गायब हुए मोबाइल सेट, टैबलेट से संबंधित आवेदकों से प्राप्त लिखित प्रार्थना पत्रों पर त्वरित कार्रवाई करने के लिए पुलिस अधीक्षक ग्रामीण, नगर व पुलिस उपाधीक्षक गाजीपुर के कुशल पर्यवेक्षण में प्रभारी सर्विलांस सेल जनपद गाजीपुर के नेतृत्व में टीम गठित कर निर्देषित किया गया था। उक्त आदेश के अनुपालन में सर्विलांस टीम द्वारा कार्रवाई करते हुए कुल 51 गुमशुदा मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं।

जिनकी अनुमानित कीमत रू10 लाख हैं, अब तक बरामद कुल मोबाइल फोन के आवेदकों को सम्मान पूर्वक सुपुर्द किया जा रहा है। जिनमें अनूप कुमार यादव, दुर्गावती देवी, अनुराग यादव, विशाल कुशवाहा, अनिल कुमार, आदित्य कुमार , प्रमोद कुमार, हीरा चौहान, रिंकू यादव, अमित शर्मा, प्रदीप कुमार यादव, भैया प्रेमचंद , सुग्रीव, मुकेश चौहान, अनुराग, अमित सिंह यादव, कृष्ण प्रताप वर्मा, राजा कुमार, शैलेंद्र प्रताप सिंह, कांस्टेबल देवेंद्र कुमार, अजय कुमार, सुनील कुमार, सुनील कुमार राम, आशीष यादव, प्रीति प्रभा, नीरज कुशवाहा, अरमान हाशमी, आशीष कुमार, प्रवीण प्रजापति, कांस्टेबल शंकर गौतम, हरीनाथ यादव, कांस्टेबल अजय, पप्पू चौधरी, योगेश कुमार प्रजापति, हरगोविंद दुबे, पवन सिंह, गोविंद प्रसाद, शुभम गुप्ता, वंदना यादव, रमाकांत राय, अंजनी कुमार राय, शिवम राम, अंगद चौहान, अरुण कुमार, अनूप कुमार, सुनील, ओमप्रकाश बिंद, अंशु यादव, गणेश प्रसाद व दानिश खान के नाम शामिल हैं।

## पुलिस ने एफआईआर में दर्ज किया मरे हुए व्यक्ति का नाम

**केटी न्यूज/बलिया**

बालू भंडारण को लेकर पूर्व में हुई एफआईआर में दर्जनों मृतकों के नाम सामने आने पर विभागीय कार्रवाई पर प्रश्न उठने लगे है। खनन निरीक्षक की तहरीर पर दर्ज मुकदमे में थाना बैरिया में दर्जनों मृतकों पर एफआईआर होने की बात सामने आई है। इससे एक बार फिर साफ हो गई है कि अवैध खनन रोकने के लिए बनाया गया विभाग कार्रवाई में किस तरीके से सतही कार्रवाई करता है।

मई में खान निरीक्षक ने बालू भंडारण को लेकर भूस्वामियों पर मुकदमा दर्ज कराया था। आनन-फानन में लिखे मुकदमे में दर्जन से अधिक मृतकों के नाम शामिल हैं। हद तो यह है कि दशकों पहले मृत व्यक्तियों के नाम भी एफआईआर में शामिल हैं। मुरारपट्टी निवासी प्रदुम्न पुत्र विशुन दयाल, सूरजदेव पुत्र विशुन दयाल, नामदेव पुत्र प्रभु दयाल, भानु पाठक पुत्र प्रभु दयाल, राम गोविंद पुत्र रामजन्म आदि मृतक है। इनकी दशकों पहले मौत हो चुकी है। खान निरीक्षक की तहरीर पर इन लोगों के खिलाफ भी बालू भंडारण का मुकदमा दर्ज कर दिया गया था। चर्चा है कि वास्तव में बालू का अवैध व्यवसाय करने वालों को बचाने के लिए उक्त नामों पर मुकदमा दर्ज कर खानापूर्ति की गई है। इस तरह की कार्रवाई से आसपास के कई काश्तकारों में खलबली मची हुई है। किसानों को डर सता रहा है कि विभाग कब और किसका नाम घसीट दे, जबकि बालू व्यवसाय से लाभ लेने वाले लोग खुले में चैन के साथ घूम रहे हैं।

## अब ऑनलाइन हाजिरी लगाएंगे मनरेगा मजदूर

**केटी न्यूज/बलिया**

मनरेगा में अब बिना काम किए मजदूरों की हाजिरी नहीं लग पाएगी। सरकार ने फर्जीवाड़ा रोकने के लिए मजदूरों की काम करते हुए दिन में तीन बार मोबाइल एप के माध्यम से ऑनलाइन हाजिरी लगाने का निर्णय लिया है। नई व्यवस्था एक जनवरी से प्रभावी हो जाएगी। इसकी जिम्मेदारी रोजगार सेवक और महिला मेटों को सौंपी गई है।

सरकार नये साल में धरातल पर काम कराने व जनता को लाभ पहुंचाने के लिए कई अहम बदलाव कर रही है। इनमें से एक मनरेगा योजना भी है। इसमें अभी तक एक ही मजदूर को अलग-अलग जगह काम देने और बिना काम के भुगतान करने के आरोप लगते रहे हैं। इसे रोकने के लिए सरकार ने मोबाइल एप के माध्यम से कार्य स्थल




पर काम करने वा ले मजदूरों की ऑनलाइन हाजिरी लेने के आदेश जारी किए हैं। प्रदेश के ग्राम विकास आयुक्त जीएस प्रियदर्शी ने जिलाधिकारी सहित कार्यक्रम समन्वयकों को भेजे आदेश पत्र में कहा कि पहली जनवरी से मनरेगा के तहत काम करने वाले मजदूरों की रोजगार सेवक व महिला मेट एक फोटो कार्यस्थल पर काम शुरू होने पर, दूसरी फोटो दोपहर में और तीसरी कार्य समाप्त होने के बाद मोबाइल एप से खींचकर एनएमएमएस एप में अपलोड करेंगे, जिससे फर्जी हाजिरी पर लगाम लग सके।

ऑनलाइन हाजिरी से फायदा मनरेगा में अभी श्रमिकों की हाजिरी रजिस्टर और मास्टर रोल में लगाई जाती है। इसमें काफी गलतियां हो जाती हैं। इतना ही नहीं, मनरेगा में कार्य करने वाले श्रमिकों के कार्य के सापेक्ष फीडिंग में लापरवाही बरती जाती है। इससे मजदूरों को समय पर मजदूरी नहीं मिल पाती है। ऑनलाइन हाजिरी से मास्टर रोड में पारदर्शिता होगी। शिकायत होने पर कभी भी रिकार्ड जांचा जा सकता है। इससे समय की बचत होगी। मजदूरी का भुगतान भी समय पर होगा।

एपीओ मनरेगा भरत वर्मा ने बताया कि मनरेगा को पारदर्शी बनाने के लिए नेशनल मोबाइल मॉनिटरिंग साफ्टवेयर (एनएमएमएस) एप से मास्टर रोलों को जोड़ा जा रहा है। मोबाइल एप के माध्यम से कार्य स्थल पर मजदूरों की हाजिरी होगी।

## एक नजर

### सड़क दुर्घटना में महिला की मौत, तीन जख्मी



**बलिया।** बेल्थरा मार्ग पर नवानगर चट्टी के समीप घना कोहरा के कारण बाइक के धक्का से जहां एक वृद्ध की मौत हो गई। वहीं बाइक सवार गिरकर तीन गंभीर रूप से घायल हो गए। तीनों का इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बलिया भेज दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार शाहपुर (बेल्थरा) निवासी मुस्कान (15) पुत्री दिनेश राम, शिवम (8)पुत्र दिनेश, आदित्य (10) पुत्र विनोद अपने रिश्तेदारी में सिकंदरपुर आए हुए थे। रविवार की देर शाम को अपने घर बाइक द्वारा अपने मामा के साथ सिकंदरपुर से अपने घर वापस जा रहे थे। अभी वह नवानगर चट्टी के समीप पहुंचे ही थे कि घने कोहरा होने के कारण अचानक यशवंती देवी (80) पत्नी रमाकांत यादव निवासी नवानगर सामने आ जाने से धक्का लग गया। जिससे सड़क पर गिरकर बाइक सवार तीनों व वृद्ध गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर इकट्ठा स्थानीय लोगों के द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य सिकंदरपुर पहुंचाया गया। जहां डॉक्टर गहनता से जांच के बाद यशवंती देवी (80) पत्नी रमाकांत यादव निवासी नवानगर को मृत घोषित कर दिया। और तीनों घायलों को सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। वहीं, हॉस्पिटल पर पहुंचे चौकी प्रभारी वंश बहादुर सिंह अपने हमराहियों के साथ शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बलिया भेज दिया।

### सौरभ मौर्या द्वारा 156वां रक्तदान संपन्न



**बलिया।** पिछले 11 वर्षों से स्वैच्छिक रक्तदान के क्षेत्र में अतुलनीय कार्य करती आ रही संस्था साधना फाउंडेशन के संस्थापक अध्यक्ष सौरभ मौर्या द्वारा 111वाँ प्लेटलेट दान कर कुल 156वाँ रक्तदान संपन्न किया गया। विज्ञप्ति जारी कर साधना फाउंडेशन के राष्ट्रीय रक्तदान प्रभारी वेदांत कुमार ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी सौरभ मौर्या द्वारा साल के प्रथम दिन रक्तदान किया गया। वेदांत कुमार ने बताया कि यह एक संदेश है जो भारत के समस्त स्वैच्छिक रक्त दाताओं को दिया जाता है की वर्ष के प्रथम दिन दान की बहुत बड़ी भूमिका होती है जिसमें रक्तदान एवं प्लेटलेट दान कही कोई तुलना नहीं है। उक्त मौके पर साधना फाउंडेशन के कोर कमेटी से संजय कुमार, पुनीत शर्मा, आलोक सिंह, संस्था के पूर्वांचल प्रभारी विनोद कुमार, निखिल कुमार, सुनील कुमार, प्रवीण कुमार, अमित त्रिपाठी, दुर्गेश उपाध्याय, राजाराम, ओंकार सिंह आदि मुख्य लोग मौजूद रहे।

### फाइनल में स्टेडियम एलेवेन ने टीसीए को हराया

**मऊ।** नव वर्ष के शुभ अवसर पर शारदा नारायण अस्पताल के सौजन्य से आयोजित तीन दिवसीय क्रिकेट टूनामेंट का शानदार फाइनल मैच टैलेंट क्रिकेट अकादमी बनाम स्टेडियम एलेवेन के बीच खेला गया। खराब रौशनी के कारण फाइनल मैच केवल आठ ओवरों का खेला गया जिसमे टॉस जीत कर टैलेंट क्रिकेट अकादमी ने निर्धारित ओवरों में नौ विकेट खोकर 51 रन का लक्ष्य दिया जिसको स्टेडियम एलेवेन ने आखरी ओवर में एक गेंद शेष रहते ओवर में पांच विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। इस मौके पर कार्यक्रम संयोजक शारदा नारायण अस्पताल के चैयरमेन डॉ. संजय सिंह एवं जिला क्रीड़ा अधिकारी मुकेश सबरवाल ने विजेता और उपविजेता टीम को ट्रॉफी दी और खिलाड़िओ के उज्जवल भविष्य की ढेर सारी शुभकामनाएं दी। इस मौके पर डॉ. सुजीत सिंह, डॉ. एकीका सिंह, डॉ. मधुलिका, डॉ. राहुल कुमार, साबिर खान आदि लोग मौजूद रहे।



### एंबुलेंस में गूंजी किलकारी

**मऊ।** शनिवार की मध्यरात्रि एक महिला ने 102 नंबर एंबुलेंस में एक बच्चे को जन्म दिया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रतनपुरा क्षेत्र के पिंडोहरी ग्राम पंचायत के मझौवां निवासी सरिता पत्नी तेज बहादुर को रात्रि लगभग 11 बजे के आसपास प्रसव वेदना हुई। घर वालों ने 102 नंबर एंबुलेंस को कॉल कर बुलाया। एंबुलेंस महिला के दरवाजे तक पहुंची और गर्भवती महिला को लेकर एंबुलेंस सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के लिए रवाना हो गई। एंबुलेंस में आशा सरिता, निरमा की सास शिव कुमारी एवं देवर विक्की भी था। घर से कुछ ही दूर अभी एंबुलेंस चली थी कि सराय भारती हथिनी बंधा मार्ग पर ही महिला की प्रसव वेदना तेज हो गई और एंबुलेंस में ही आशा एवं सास के सहयोग से महिला ने बच्चे को जन्म दिया। जच्चा बच्चा दोनों पूरी तरह स्वस्थ हैं। एंबुलेंस में बच्चे के जन्म से सभी खुशी से झूम उठे। बच्चे के जन्म के बाद एंबुलेंस द्वारा महिला को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रतनपुरा लाया गया। जहां जच्चा-बच्चा का प्राथमिक उपचार किया गया और उन्हें घर भेज दिया गया। प्रसूता महिला निरमा का यह यह दूसरा बच्चा है। 2022 के अंतिम 2023 के प्रारंभ में लगभग 12:00 बजे रात्रि में एंबुलेंस में बच्चे का जन्म चर्चा का विषय बना हुआ है और निरमा की परिवार में खुशी का माहौल है। एंबुलेंस में इ एम टी इन्द्र जीत कुमार व चालक राजबली ने पीड़ा शुरू होने पर एंबुलेंस को रास्ते में ही आशा एवं सास के कहने पर रोक दिया।

## महर्षि भृगु की धरती पर गायत्री माता के भक्तों और आस्था का उमड़ा सैलाब

# ठंड के बीच गायत्री शक्तिपीठ से निकली भव्य कलशयात्रा

- हजारों की संख्या में पहुंचे गायत्री परिवार के सदस्य

**केटी न्यूज/बलिया**

नववर्ष के प्रथम दिन रविवार को महर्षि भृगु की पावन धरती पर आस्था का ऐसा सैलाब उमड़ा जिसे देख लगा पूरा शहर भक्तिमय है। मौका था गायत्री शक्तिपीठ से कलश यात्रा निकलने का। पूरा माहौल पीत वस्त्रधारी गायत्री माता के भक्यों की भक्ति से भरपूर हो गया। कड़ाके की ठंड भी भक्तों के आगे नतमस्तक हो गयी।

गायत्री परिवार बलिया द्वारा गायत्री माता प्राण प्रतिष्ठा का



कलशयात्रा से पहले मशाल जलाती महिला

वार्षिकोत्सव और 108 कुंडीय महायज्ञ का आयोजन एक जनवरी से चार जनवरी तक आयोजित है। एक जनवरी को इसी निमित्त भव्य कलश यात्रा निकली। निर्धारित समय से दो घंटा विलंब से कलश यात्रा शुरू हुई। शक्तिपीठ के मंच से शांति कुंज हरिद्वार से आयी भजन



प्रवचनस्थल पर २जुटे श्रद्धालु

मंडली ने गायत्री मंत्र औऱ भजन सुनाए। शक्तिपीठ प्रभारी विजेंद्र नाथ चौबे ने सभी को मंच से यात्रा के दौरान कैसे चले क्या करें विस्तार से बताया। कलश यात्रा की शुरूआत के समय नगर पालिका के अध्यक्ष समाजसेवी अजय कुमार सपत्नीक मौजूद रहे। इनरव्हील क्लब की चेयरमैन सरिता देवी ने कलश यात्रियों का अभिनंदन किया और मशाल प्रज्जवलित किया। भव्य कलश यात्रा शक्तिपीठ से निकल चमनसिंह बाग रोड जाएगी पहुंची। वहां से चौक, फिर सिनेमा रोड होकर हनुमानगढ़ी फिर बालेश्वर मंदिर पहुंची। वहां से नया चौक होकर चित्रगुप्त मंदिर होकर भृगु ऋषि के मंदिर पहुंची। वहां से रेलवे स्टेशन होकर चौक आयी फिर महाबीरघाट रोड स्थित शक्तिपीठ आकर संपन्न हुई। कलश यात्रा के दौरान पूरे शहर का माहौल भक्तिमय रहा। जगह जगह यात्रा का अभिनंदन हुआ। यात्रा की झांकियों ने सभी का मन मोहा।